राज्य शहरी आजीविका मिशन, (एस0यू0एल0एम0) उ0प्र0
(राज्य नगरीय विकास अभिकरण,– सूडा उ.प्र.)
प्रथम तल,पर्यटन भवन,विपिन खण्ड,गोमती नगर, लखनऊ 226010
दूरभाष एवं फैक्सः 0522–2307798 e-mail:nulmup@gmail.com website:www.sudaup.org

पत्रांकः– 666 /241/NULM/तीन/2001(SUSV) दिनांक 21-9-2016

सेवा में,

1. जिलाधिकारी/अध्यक्ष
   जिला नगरीय विकास अभिकरण– गाजियाबाद (लोनी), मथुरा, शाहजहांपुर, रामपुर, मऊ, फर्रूखाबाद, हापुड़, इटावा, मिर्जापुर, अमरोहा, हरदोई, फतेहपुर, रायबरेली, जालौन (उरई), बहराइच, जौनपुर, सीतापुर एवं फैजाबाद।
2. सिटी प्रोजेक्ट आफिसर/परियोजना अधिकारी
   शहर मिशन प्रबंधन इकाई/जिला नगरीय विकास अभिकरण– लोनी (गाजियाबाद), मथुरा, शाहजहांपुर, रामपुर, मऊ, फर्रूखाबाद, हापुड़, इटावा, मिर्जापुर, अमरोहा, हरदोई, फतेहपुर, रायबरेली, उरई, (जालौन) बहराइच, जौनपुर, सीतापुर एवं फैजाबाद।

विषयः–दीनदयाल अन्त्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के घटक "शहरी पथ विक्रेताओं हेतु सहायता" के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2016–17 में शहरी पथ विक्रेता प्लान तैयार किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदया/महोदय,

दीनदयाल अन्त्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (DAY-NULM) के घटक "शहरी पथ विक्रेताओं को सहायता (SUSV) के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2016–17 में उपरोक्त शहरों में शहरी पथ विक्रेता प्लान तैयार किये जाने हेतु राज्य शहरी आजीविका मिशन के पत्रांक–393/241/NULM/तीन/2001(SUSV), दिनांक 26.05.2016 द्वारा निर्देश एवं माडल आर0एफ0पी0 जारी करते हुए प्रकरण में अपेक्षित कार्यवाही सुनिश्चित करने तथा पारदर्शी प्रक्रिया द्वारा एजेन्सी का चयन कर संस्तुति सहित प्रस्ताव राज्य स्तरीय स्वीकृति समिति के विचारार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रेषित करने का अनुरोध किया गया था। उक्त निर्देश एवं मॉडल आर0एफ0पी0 जारी किये हुए 03 माह व्यतीत हो चुके हैं और मात्र सम्भल, उन्नाव एवं बुलन्दशहर शहर में एजेन्सी का चयन कर राज्य स्तरीय परियोजना स्वीकृति समिति के अनुमोदन हेतु प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया है। शहरी पथ विक्रेता प्लान तैयार आदि किये जाने हेतु निर्देश एवं मॉडल आर0एफ0पी0 जारी किये जाने की इतनी अवधि व्यतीत हो जाने पर भी अभी तक अन्य शहरों में एजेन्सी के चयन की प्रगति से अवगत नहीं कराया गया है।

अतः अनुरोध है कि कृपया एजेन्सी के चयन हेतु तीव्र गति से कार्यवाही सम्पन्न कर संस्तुति सहित प्रस्ताव राज्य स्तरीय स्वीकृति समिति के विचारार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रेषित करने का कष्ट करें।

भवदीय

(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
मिशन निदेशक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. सचिव, नगर विकास एवं नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग, उ0प्र0 शासन।
2. निदेशक नगरीय निकाय निदेशालय, उ0प्र0।
3. सम्बन्धित अधिशासी अधिकारी/नगर पालिका परिषद।
4. सहायक वेबमास्टर को सूडा की वेबसाइट पर अपलोड हेतु।

(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
मिशन निदेशक